आज दिनांक 1 अक्टूबर 2022 राष्ट्रीय रक्तदाता दिवस के अवसर पर यूनियन बैंक द्वारा एक बृहद रक्तदान शिविर का आयोजन।

राष्ट्रीय रक्तदान अमृत महोत्सव पखवाड़ा के समावर्तन समारोह तथा राष्ट्रीय रक्तदाता दिवस के अवसर पर आज दिनांक 1 अक्टूबर 2022 को एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन यूनियन बैंक आफ इंडिया के प्रांगण में गुरु श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक के द्वारा आयोजित किया गया।

इस अवसर पर आभासी रूप से उपस्थित ब्लड बैंक प्रभारी डॉक्टर अवधेश अग्रवाल जी ने सभी रक्त दाताओं के प्रति अपना आभार व्यक्त किए एवं शुभकामनाएं प्रेषित किए।

इस अवसर पर ब्लड बैंक अधिकारी डॉक्टर ममता जायसवाल ने रक्त दाताओं को रक्तदान से संबंधित आवश्यक जानकारियों एवं लाभ के बारे में विस्तार से बताया।

इस शिविर में बैंक कर्मी एवं अन्य व्यक्तियों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान शिविर में भाग लिया श्री रंजीत क्षेत्रीय प्रमुख यूनियन बैंक रक्तदान करने वालों में सर्वप्रथम थे उन्होंने कहा रक्तदान एक सर्वोत्तम अंग दान है रक्तदान 18 से 65 वर्ष की आयु में किया जा सकता है 1 रक्तदाता 4 व्यक्तियों के प्राणों की रक्षा करता है । उनके अतिरिक्त संतोष शर्मा जी मुख्य प्रबंधक, विवेक कुमार, शशांक शेखर, शिव चंद चौधरी सभी शाखा प्रबंधक विभिन्न शाखाओं से रक्तदान में सम्मिलित हुए इन सब को लेकर लगभग 30 व्यक्तियों ने रक्तदान में भाग लिया इस रक्तदान शिविर को सफल बनाने में ब्लड बैंक टेक्निशियन श्री चंद्रेश्वर यादव, निधि नायक, संदीप यादव, सरोज इत्यादि की भूमिका प्रमुख रही।